प्रेषक– संजय राज पाण्डे,
(न्यायाधिकारी)
ग्राम न्यायालय, बिल्सी।
जनपद– बदायूं।

प्रतिष्ठा में,
श्रीमान् सहायक निबन्धक,
(कार्मिक–1)
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
बदायूं।

विषय– विदेश यात्रा भ्रमण से सन्दर्भित पत्र 15488/IV-4532(Loose)/Admin (A-4)/Dated के सम्बन्ध में–

आदरणीय महोदय,

विनम्र निवेदन है कि, मेरे द्वारा न्यायिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, लखनउ में प्रशिक्षण के दौरान पत्र J.T.R.I./Trg./2019-1798 Dated 09-09-2019 जो कि, विदेश भ्रमण यात्रा लग्जम्बर्ग शहर, यूरोप से सन्दर्भित श्रीमान् निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, लखनउ के माध्यम से प्रेषित किया गया था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में विषयांकित पत्र के माध्यम से निर्धारित C.L. no. 16/IV f-101/Admin(A)Dated 27.05.2017 के अनुक्रम में मुझसे निम्नांकित सूचना/विवरण/प्रपत्र/घोषणा चाही गयी हैं।

जो कि, निम्नवत् हैं–

1. यह कि, मेरे द्वारा उपरोक्त विदेश भ्रमण यात्रा से अथवा उक्त अवधि में न तो भारत सरकार एवं न ही उत्तर प्रदेश सरकार को मुझसे सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई संकटोपन्न स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना नहीं है।

2. यह कि, उपरोक्त विदेश यात्रा मेरे मात्र भ्रमण किये जाने हेतु है। अन्य किसी भी प्रकार का कोई कारण उक्त यात्रा से सम्बन्धित नहीं है। अतिरिक्त इसके, इससे पूर्व मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की कोई याचना अथवा अनुमति विदेश यात्रा हेतु नहीं चाही गयी है।

3. यह कि, प्रस्तर संख्या 2 में उल्लिखित कारण के अनुसार उपरोक्त विदेश यात्रा से पूर्व मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की कोई विदेश यात्रा मेरे द्वारा आज तक नहीं की गयी है।

4. यह कि, उपरोक्त विदेश यात्रा में होने वाले समस्त व्यय/खर्च स्वयं मेरे द्वारा ही किया जावेगा। अन्य किसी भी प्रकार के किसी श्रोत से उक्त व्यय/खर्च को प्राप्त किये जाने हेतु कोई याचना/अनुमति प्राप्ति के सम्बन्ध में मेरे द्वारा नहीं की जावेगी। उपरोक्त टिकट एवं अन्य व्यय/खर्च तकरीबन अंकन रू0 40,000/– आना संभावित है। जिसके सम्बन्ध में मेरे खाते के नाम में बैंक में जमा धनराशि के विवरण की छाया प्रति संलग्न है।

5. यह कि, उपरोक्त विदेश यात्रा से सम्बन्धित पासपोर्ट इत्यादि इस पत्र के साथ नियमानुसार संलग्न हैं।

अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि, उपरोक्त सूचना/विवरण/प्रपत्र के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित किये जाने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक–08.11.2019
संलग्न– यथोक्त।

भवदीय,
(signature) 8/11/19
संजय राज पाण्डे,
(न्यायाधिकारी)
ग्राम न्यायालय, बिल्सी।
जनपद–बदायूं।

Office of the District Judge, BUDAUN
No 4124/I/Budaun 08-11-19
FORWARDED
DISTRICT JUDGE
BUDAUN